हिन्दी मासिक अंक : 6 वर्ष : 13 सितम्बर 2025 ₹5/-

# अक्षय किरण



## वस्तु एवं सेवा कर संरचना का विवेकीकरण विकसित भारत अभियान की दिशा में बड़ा कदम

## आम जनता की बल्ले बल्ले



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (GST) संरचना का विवेकीकरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार का मूल उद्देश्य "जीवन में सुगमता" और "व्यापार करने में सुगमता" सुनिश्चित कर सुरक्षित, समृद्ध एवं विकसित भारत का निर्माण करना है। आवश्यक वस्तुओं पर कर में कमी से जहां परिवारों को सहूलियत मिलेगी, वहीं छोटे व्यापारियों को बल मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि उपभोक्ता मांग में वृद्धि से आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और बड़ी संख्या में नए रोजगार अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने इसे जनसाधारण और व्यापार जगत दोनों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि यह पहल भारत की प्रगति यात्रा को और अधिक सशक्त बनाएगी।

## प्रवासी राजस्थानी सांस्कृतिक समारोह राजस्थान की गौरवपूर्ण संस्कृति का उत्सव




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मुंबई में राजस्थान प्रवासी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'प्रवासी राजस्थानी सांस्कृतिक समारोह' में सम्मानित अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी थे।

समारोह में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक लोककला, लोकनृत्य, संगीत और सामाजिक चेतना का मनोहारी प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी समाजजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जड़ों से जुड़ाव का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा, "ऐसे आयोजन राजस्थान की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में महत्त्वपूर्ण हैं और नई पीढ़ी में मूल्यों, धरोहर और सामाजिक पहचान के प्रति गर्व और आत्मीयता की भावना जागृत करते हैं। प्रवासी समाज की सक्रियता और सजगता सराहनीय है।"

# अमृत योजना से राजसमंद में पेयजल संकट के स्थायी समाधान की पहल



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत राजसमंद शहर की पेयजल संरचना सुदृढ़ीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सर्वांगीण विकास के लिए तीव्र संरचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं और ''जल जीवन मिशन'' में प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने का संकल्प राजस्थान की भाजपा सरकार गंभीरता से पूरा कर रही है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि वर्ष 2056 तक की संभावित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए 22 करोड़ रुपये की परियोजनाएँ स्वीकृत हुई हैं। इनसे शहर में पेयजल संकट का स्थायी समाधान होगा। प्रमुख कार्यों में साधना शिखर पर 62.7 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का नवीन जल शोधन संयंत्र (147 लाख रुपये), विद्यमान संयंत्र में फ़िल्टर मीडिया नवीनीकरण (20.93 लाख), 1500 किलो लीटर क्षमता का भूतल जलाशय (80 लाख), सनवाड़ में 100 किलो लीटर भूतल जलाशय (7 लाख), कोयड में 400 किलो लीटर उच्च जलाशय (70 लाख) तथा अरिहंत नगर में 100 किलो लीटर उच्च जलाशय (60 लाख) शामिल हैं। साथ ही लगभग 22.5 किमी लंबी पाइपलाइन भी डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से राजसमंद शहर को निर्बाध, स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति मिलेगी तथा नागरिकों को दीर्घकालिक लाभ होगा।

कार्यक्रम में जलदाय विभाग के अधिकारी, नगर परिषद आयुक्त, भाजपा पदाधिकारी, पार्षद और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों को विश्वास का संबल



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने हाल में घटित दो दुःखद घटनाओं में जिस प्रकार संवेदनशीलता और तत्परता प्रदर्शित की, वह जनप्रतिनिधित्व का अनुकरणीय उदाहरण है।

ग्राम लवाणा–भाणा निवासी श्रमिक स्व. डाली कुमावत की दुर्घटना में मृत्यु की जानकारी पर उन्होंने तुरंत कार्यकर्ता अर्जुन कुमावत को घटनास्थल भेजा और श्रम विभाग को शीघ्र कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। केवल 30 मिनट में आवेदन स्वीकृत कर पाँच लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की गई।

इसी प्रकार ग्राम डूमखेड़ा निवासी श्रमिक पंजीकृत लाभार्थी स्व. सोसरबाई के निधन पर विधायक ने इसे व्यक्तिगत उत्तरदायित्व मानते हुए तत्काल कार्यवाही आरंभ करवाई। कार्यकर्ता कालूसिंह राठौड़ को परिजनों के पास भेजा गया और श्रम कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए गए। ढाई घंटे में आवेदन अनुमोदित कर दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि स्वीकृत की गई।

ग्राम वासोल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने स्वयं परिजनों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और आश्वस्त किया कि संकट की घड़ी में प्रशासन और सरकार परिवारों के साथ है। उन्होंने कहा – "सच्ची जनसेवा केवल योजनाएँ बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ समय पर और सम्मानपूर्वक पात्रजन तक पहुँचाना है। यह सहायता राशि नहीं, अपितु विश्वास का संबल है।"

# जल जीवन मिशन से ग्रामीण अंचल में स्वच्छ जल आपूर्ति की नई दिशा




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम वासोल में आयोजित भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह में कहा कि जल जीवन मिशन ने ग्रामीण भारत, विशेषतः महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। विगत छह वर्षों में देश के 15.67 करोड़ घरों में नल से जल पहुँचाया गया है, जिससे लगभग 80ः ग्रामीण परिवारों को सीधा लाभ मिला है। राजस्थान में भी 50 लाख घरों में नए नल कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे महिलाओं को श्रम से मुक्ति मिली और उन्हें आत्मनिर्भरता का अनुभव हुआ।

इस अवसर पर उन्होंने जिला खनिज प्रतिष्ठान कोष से स्वीकृत 120 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत ग्राम भाणा, लवाणा, भगवान्दा कलां एवं वासोल में दो खुले कुओं का निर्माण, ग्राम लवाणा में एक लाख लीटर क्षमता वाला उच्च जलाशय, 3120 मीटर लंबी पाइपलाइन तथा 882 मीटर अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाने का कार्य सम्मिलित है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह परियोजना न केवल पेयजल समस्या का समाधान करेगी, बल्कि स्वच्छ व सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित कर जीवन स्तर को ऊँचा उठाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि राजसमन्द के सर्वांगीण विकास हेतु उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, मातृशक्ति, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय राजसमंद में कक्षा-कक्ष लोकार्पण एवं मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरण







राजकीय महाविद्यालय राजसमंद में उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के मुख्य आतिथ्य में पाँच नवनिर्मित कक्षा–कक्षों का लोकार्पण तथा कालीबाई भील एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना अंतर्गत 22 मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरण किया गया। इस अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. बैरवा ने कहा कि शिक्षा के मंदिरों में ही राष्ट्र का भविष्य गढ़ा जाता है। शिक्षा से संस्कार सुरक्षित रहते हैं और आत्मनिर्भर भारत निर्माण में युवाओं की निर्णायक भूमिका है। बालिकाओं को आत्मविश्वासी बनाने हेतु स्कूटी योजना को महत्त्वपूर्ण बताया।

विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, कौशल संवर्धन और रोजगारपरकता पर केन्द्रित है। स्कूटी प्राप्त छात्राएँ परिश्रम एवं प्रतिभा से और ऊँचाइयाँ प्राप्त करें, यही अपेक्षा है। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने महाविद्यालय विकास हेतु सांसद निधि से 30 लाख रुपये देने की घोषणा की।

समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, महाविद्यालय परिवार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

PMCH HEALTH ADVISORS

# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, बेदला

## नवरात्रि के अवसर पर

चिकित्सा परामर्श, जाँच, भर्ती एवं ऑपरेशन शिविर

# नि:शुल्क

सितम्बर 22 2025 से अक्टूबर 2 2025

समय: प्रात 9.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक

- नि:शुल्क परामर्श
- नि:शुल्क रक्त एवं मूत्र की जाँच
- नि:शुल्क वार्ड में भर्ती
- नि:शुल्क ECG, X-Ray, इकोकार्डियोग्राफी मैमोग्राफी
- CT Scan मात्र ₹1500/- | MRI मात्र ₹3000/-
- नि:शुल्क सभी तरह के ऑपरेशन
- नि:शुल्क बच्चेदानी का ऑपरेशन
- नि:शुल्क नाक, कान व गला संबंधित रोगों का ऑपरेशन

**नि:शुल्क**

### लेजर व सामान्य ऑपरेशन

- बवासीर (पाईल्स) • फिशर • फिस्टुला
- पायलोनिडल साइनस
- हर्निया (फर्स्ट टाइम केस) • अपेंडिक्स एवं गठान
- गॉलब्लैडर (पित्त की थैली) की पथरी



डॉ. एम.एम. मंगल, जनरल सर्जन | डॉ. हनुवंत सिंह राठौड़, यूरोलॉजिस्ट एवं रिकन्स्ट्रक्शनल सर्जन | डॉ. धवल शर्मा, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन



डॉ. के.सी. व्यास, जनरल सर्जन | डॉ. विकेश कुमार जोशी, कन्सल्टेन्ट जी.आई. सर्जन | डॉ. गौरव वधावन, जनरल सर्जन

**नि:शुल्क**

- 14 वर्ष तक के बच्चों का सभी तरह की बीमारियों का ईलाज व ऑपरेशन
- सामान्य टीकाकरण • वेंटिलेटर की सुविधा
- एन.आई.सी.यू. एवं पी.आई.सी.यू. की सुविधा



डॉ. प्रवीण झंवर, बाल एवं नवजात शिशु सर्जन | डॉ. पुनीत जैन, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ | डॉ. शिव कौशिक, नाक-कान-गला विशेषज्ञ



डॉ. रवि भाटिया, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ | डॉ. सन्नी मालवीया, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ | डॉ. दिनेश रजवानिया, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ

**नि:शुल्क**

### डिलीवरी (सामान्य एवं सिजेरियन)



गर्भधारण से डिलीवरी तक आपके एवं शिशु के सम्पूर्ण ईलाज की नि:शुल्क सुविधा (जाँच एवं दवाईयों सहित)

डिलीवरी के 2 माह पूर्व पंजीकरण कराने पर प्राईवेट रूम की नि:शुल्क सुविधा

रजिस्ट्रेशन अनिवार्य 9828144314



डॉ. स्मिता बरया (गोयल), स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन | डॉ. सविता वशोरा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | डॉ. सुनीता माहेश्वरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | डॉ. राजरानी शर्मा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ



डॉ. आभा गुप्ता, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | डॉ. रना चुण्डावत, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन | डॉ. आकांक्षा अग्रवाल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | डॉ. कोमल इनानी झंवर, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
















गूंगें एवं बहरे बच्चों को सुनने व बोलने में सक्षम बनाने के लिए



कॉक्लियर इम्प्लांट की सुविधा

IVF@₹70,000* इंजेक्शन सहित

*नियम व शर्तें लागू

अंबेरी पुलिया से पेसिफिक हॉस्पिटल बेदला के लिए आने एवं जाने के लिए मरीजों को नि:शुल्क वाहन की सुविधा

योजनाओं एवं सभी इंश्योरेंस एवं TPA के कैशलेस ईलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल

24/7 सुविधाएं उपलब्ध

भीलों का बेदला, एन.एच.-27, प्रताप पुरा, अम्बेरी, उदयपुर - 313011 (राजस्थान) | फोन : 8690541110

# सहकारिता से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव



जयपुर के दादिया ग्राम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित "सहकार एवं रोजगार उत्सव" में विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सहभागिता की। समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह मुख्य अतिथि तथा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत और समृद्ध राष्ट्र निर्माण संभव है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के उद्बोधन को सहकारिता की शक्ति और उसकी उपयोगिता को स्पष्ट करने वाला बताया।
उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में राजस्थान में सहकारी आंदोलन ने उल्लेखनीय प्रगति की है। नयी समितियों का गठन, डिजिटलीकरण, महिला सहभागिता, ग्रामीण बैंकिंग विस्तार तथा सहकारी मंडियों और भंडारण केंद्रों की स्थापना ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है।
रोजगार क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हुई हैं। यह आयोजन सशक्त राजस्थान और समृद्ध भारत की ओर ठोस कदम है।

# पर्यावरण संरक्षण हेतु अभिनव पहल : राजनगर में पक्षी आश्रय स्थल आरंभ




राजनगर में विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने नवनिर्मित पक्षी आश्रय स्थल का लोकार्पण किया। श्री बालाजी महाराज सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह पक्षीघर मानवीय संवेदना और पर्यावरण संरक्षण का सजीव प्रतीक है। उन्होंने समिति को इस अभिनव कार्य के लिए साधुवाद देते हुए इसे प्रकृति संरक्षण का आदर्श उदाहरण बताया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने वंडर सीमेंट लिमिटेड (आर.के. ग्रुप) के सहयोग की सराहना करते हुए इसे सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट परिचायक कहा। इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को पाँच लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड तथा स्वच्छ भारत मिशन की नमस्ते योजना के तहत सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा किट प्रदान की गईं। समारोह में नगर परिषद सभापति, आर.के. ग्रुप पदाधिकारी, अधिकारी, समाजसेवी, महिला प्रतिनिधि एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। विधायक ने आशा व्यक्त की कि यह प्रयास समाज में प्रकृति संरक्षण की नई प्रेरणा बनेगा।

# डेढ़ वर्ष में भाजपा सरकार ने गढ़ी विकास की नई गाथा



विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने काबरी महादेव परिसर में विधानसभा क्षेत्र के मंडल कार्यकर्ताओं के साथ परिसंवाद किया। बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण, जनहितकारी योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति और क्षेत्रीय विकास पर व्यापक चर्चा हुई।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुँचाना कार्यकर्ताओं का दायित्व है। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने पाँच वर्षों में जितने कार्य किए थे, उससे अधिक उपलब्धियाँ प्रदेश की भाजपा सरकार ने मात्र डेढ़ वर्ष में अर्जित की हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार, किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण, महिलाओं के स्वावलंबन और वंचित वर्ग के उत्थान हेतु पूर्णतः समर्पित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जनकल्याण की प्रत्येक योजना को घर–घर तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

बैठक में जिला प्रमुख रतनी देवी, जिला उप प्रमुख सोहनी देवी गुर्जर, पंचायत समिति प्रधान अरविंद सिंह राठौड़ सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता



विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम जुणदा में जल जीवन मिशन कार्यों में पाई गई अनियमितताओं पर स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने सहकारी समिति द्वारा खाद वितरण में हो रही अनियमितताओं की जानकारी दी। इस पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी तुरंत केंद्र पहुँचीं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी हो, विभागीय नियमों का पालन किया जाए और किसानों को समय पर न्यायपूर्ण लाभ मिले। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक निष्पक्षता और पारदर्शिता से पहुँचना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इसके उपरांत श्रावण सोमवार के अवसर पर वे समेलिया महादेव जीतावास पहुँचीं और भगवान शिव का अभिषेक कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि व मंगल की कामना की। समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पर्यावरण व गौसंरक्षण समाज की साझा जिम्मेदारी



विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान और "हरियालो राजस्थान" पहल को समाज में जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने गिलुंड पुलिस चौकी परिसर में पौधारोपण करते हुए सभी नागरिकों से एक–एक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

इसके पश्चात श्रावण मास के अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी केलवा स्थित श्री नवल श्याम कृष्ण गौशाला पहुँचीं, जहाँ उन्होंने गौमाता को गुड़ लपसी एवं हरा चारा खिलाकर पूजा–अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। गौशाला परिसर एवं आसपास जिला परिषद, ग्राम विकास अधिकारी संघ व मनरेगा के सहयोग से 1051 पौधों के वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ भी किया गया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने स्वयं पौधारोपण कर पर्यावरण व गौसंरक्षण का संदेश दिया तथा इस सामूहिक प्रयास की सराहना की।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, गौशाला समिति पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मण्डल पदाधिकारी, नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सभी को शुभकामनाएँ दीं और इन कार्यों में निरंतर सहयोग की अपेक्षा की।

# माँ गोमती के वेगवान प्रवाह ने क्षेत्रवासियों को दी सुखद अनुभूति



विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने खटामला पुलिया पर गढ़बोरनाथ श्री चारभुजा जी से प्रवाहित होकर वेगवान बह रही माँ गोमती मैया के दर्शन कर पूजा–अर्चना की। उन्होंने श्रद्धापूर्वक चुनरी ओढ़ाकर माँ गोमती का अभिनंदन किया और ग्रामवासियों व कार्यकर्ताओं संग सामूहिक प्रार्थना की।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि माँ गोमती का ऐसा सौंदर्यपूर्ण प्रवाह क्षेत्रवासियों के लिए सुखद अनुभूति है। उन्होंने प्रभु श्री द्वारिकाधीश जी से राजसमंद झील के पूर्ण भराव तथा क्षेत्र की समृद्धि की मंगलकामना की।

इस अवसर पर प्रधान अरविन्द सिंह, सरपंच हिम्मतसिंह, अध्यक्ष हमेरसिंह, पूर्व महामंत्री प्रकाश पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष पर्वतसिंह, उपाध्यक्ष रमेश देवड़ा, पूर्व उपप्रधान भरत पालीवाल सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# प्रसूति वार्ड व शैक्षणिक विकास कार्यों का लोकार्पण




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कुरज स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दानवीर श्री ईश्वरलाल न्याति द्वारा नवनिर्मित प्रसूति वार्ड का लोकार्पण किया। साथ ही विधायक कोष से स्वीकृत एक्सरे एवं सीबीसी मशीन का उद्घाटन कर ग्रामीणों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की सौगात दी।

उन्होंने कहा कि प्रसूति वार्ड से मातृ–स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी तथा आधुनिक मशीनों से स्थानीय स्तर पर जांच संभव हो सकेगी। विधायक ने न्याति परिवार की प्रेरणादायक जनसेवा की सराहना की और स्वास्थ्यकर्मियों को समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

इसी दिन उन्होंने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कुरज में जिला खनिज कोष एवं समसा योजना से निर्मित कक्षा कक्षों तथा माण्डपिया खेड़ा में विधायक निधि से बने टीन शेड का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भौतिक संसाधनों का सुदृढ़ीकरण विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करता है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ कौशल एवं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने वाली ऐतिहासिक पहल है। राजसमंद क्षेत्र में प्रत्येक विद्यालय को आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित करने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

इस अवसर पर जिला प्रमुख श्रीमती रतनी देवी चौधरी सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विकास और जनसेवा ही मेरी प्राथमिकता -दीप्ति

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के प्रवास के दौरान कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने उपली मियारी (देवपुरा) स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर में ग्रामीणों से संवाद कर स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा, आंगनबाड़ी, सड़क, पेयजल एवं टीन शेड निर्माण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। विधायक ने आश्वस्त किया कि इन कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने गोमती नदी पर बामनटुकड़ा में निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण कर संवेदक व विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र तक पहुँचाना हमारा संकल्प है।

प्रवास के दौरान विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आत्मा, मियारी, बोरज, केरीगजी का खेड़ा और कांकरोली में शोकाकुल परिवारों से मिलकर संवेदना भी व्यक्त की।



# “मेरे लिए मेरा पेड़” अवधारणा से ही बनेगा हरियालो राजस्थान




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजनगर स्थित श्री डोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मातृभक्ति के भाव से एक पेड़ लगाए तो "हरियालो राजस्थान" का स्वप्न शीघ्र साकार होगा। यह अपनी माँ को दिया गया अमूल्य उपहार होगा।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है, जिससे भावी पीढ़ी संकट का सामना करेगी। इस समस्या का समाधान केवल अधिकाधिक वृक्षारोपण है। हमारे पूर्वजों ने वृक्ष संरक्षण हेतु बलिदान दिए, किंतु आज हम उनके मार्ग का पूर्ण अनुसरण नहीं कर पाए हैं। अब समय आ गया है कि प्रकृति संरक्षण हेतु समाज सामूहिक प्रयास करे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आहूत "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित "हरियालो राजस्थान" अभियान को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरक पहल बताते हुए आमजन से व्यापक भागीदारी का आह्वान किया।

इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लिया तथा सनवाड़ क्षेत्र में स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण कर जनता से कचरा पात्रों के उपयोग और स्वच्छता अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी, मातृशक्ति, गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# “मातृशक्ति मानसून फेस्ट-2025” में नारी शक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने डी.ए.वी. कॉलेज, अजमेर में अजमेर (दक्षिण) विधायक श्रीमती अनिता भदेल द्वारा आयोजित "मातृशक्ति मानसून फेस्ट–2025" में सहभागिता कर नारी शक्ति की प्रतिभा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक योगदान की सराहना की।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह उत्सव मातृशक्ति की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और स्वावलंबन का सशक्त मंच है। मेले में लोकगीत प्रस्तुतियाँ, महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद, हस्तशिल्प, व्यंजन, पारंपरिक झूले और मनोरंजन गतिविधियों ने लोकसंस्कृति को जीवंत किया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर महिला उद्यमियों के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन नारी सशक्तिकरण के साथ लोककला और संस्कृति को भी प्रोत्साहित करते हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर, उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती मंजू बाघमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आयोजकों को बधाई दी और मातृशक्ति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# हर घर तिरंगा अभियान : राष्ट्रभक्ति और एकता का प्रतीक



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर आरंभ हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज पूरे राष्ट्र में देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गर्व का सशक्त प्रतीक बन चुका है। यह अभियान स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ–साथ प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है। भारतीय जनता पार्टी प्रताप मंडल द्वारा केलवा में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कहा कि तिरंगे का सम्मान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि देश की आत्मा और गौरव से जुड़ा भाव है। यात्रा के दौरान उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों, वीर जवानों और भारतीय सेना के बलिदान को नमन किया तथा सभी से आग्रह किया कि हर घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करें। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और भारतीय सेना के अदम्य साहस का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि तिरंगे की आन, बान और शान को ऊँचा रखना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। राजसमन्द नगर एवं केलवा में आयोजित तिरंगा यात्राओं में स्थानीय नागरिक, युवा, पार्टी पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधायक माहेश्वरी ने सभी से आह्वान किया कि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रभक्ति अभियान को सफल बनाएं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा, "तिरंगा केवल ध्वज नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और गौरव का प्रतीक है, हमेशा ऊँचा रखना हमारा संकल्प होना चाहिए।"

# श्री बालकृष्ण स्टेडियम के नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कांकरोली स्थित श्री बालकृष्ण स्टेडियम में चल रहे सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कार्य प्रगति की समीक्षा की और समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मैदान के समतलीकरण, जल निकासी व्यवस्था, आवश्यक सुविधाओं एवं मरम्मत कार्यों पर चर्चा हुई। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि स्टेडियम का नवीनीकरण क्षेत्र की खेल गतिविधियों और युवाओं की प्रतिभा विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह स्थल खेल प्रेमियों के लिए बेहतर सुविधाएँ प्रदान करेगा और विभिन्न आयोजनों के लिए सुदृढ़ आधार बनेगा। इस अवसर पर नगर भाजपा अध्यक्ष दिनेश कुमावत, भाजयुमो अध्यक्ष मोहन कुमावत, पूर्व नगर अध्यक्ष महेंद्र टेलर, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, नगरपरिषद आयुक्त ब्रजेश राय, नगर महामंत्री रजनीकांत साहू, युवा मोर्चा जिला महामंत्री ललित खींची सहित अनेक अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS
HOSPITAL
LABORATORY
BLOOD BANK
EMERGENCY
लाखों लोगों के विश्वास के साथ
गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, उदयपुर
हमेशा तैयार आपके स्वास्थ्य की सम्पूर्ण देखभाल के लिए।
18
अभूतपूर्व वर्ष
सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल जहां एक छत के नीचे उपलब्ध है विश्वस्तरीय चिकित्सकीय सुविधाएं
जनरल मेडिसिन | जनरल सर्जरी | नवजात शिशु एवं बाल रोग | नेत्र रोग | स्त्री एवं प्रसूति रोग | चर्म एवं गुप्त रोग
कान, नाक एवं गला रोग | अस्थि रोग | मानसिक रोग | दन्त रोग | रेडियोलोजी | लेबोरेट्री
कैंसर रोग | हृदय रोग | हृदय शल्य चिकित्सा | जोड़ प्रत्यारोपण | मूत्र एवं गुर्दा रोग | श्वास रोग (चेस्ट एवं टी.बी.) एवं पल्मोनरी मेडिसिन
फर्टिलिटी एण्ड IVF सेन्टर | किडनी प्रत्यारोपण | किडनी रोग | पेट, आंत व लिवर रोग (गेस्ट्रोएंटेरोलोजी) | न्यूरोलोजी | न्यूरोसर्जरी
न्यूरो व वेसक्यूलर इन्टरवेंशनल रेडियोलोजी | जी.आई. सर्जरी | हेमेटोलोजी | रूमेटोलोजी | न्यूक्लियर मेडिसिन | एंडोक्राइनोलोजी
बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी | नवजात शिशु रोग | गहन चिकित्सा ईकाई (ICU)
ब्लड सेन्टर
196-बेडेड आई.सी.यू.
21 ऑपरेशन थिएटर
250+ सीनियर डॉक्टर्स की टीम
1420 बेड्स की सुविधा
हार्ट एण्ड किडनी ट्रांसप्लांट सेन्टर
ADVANCED TECHNOLOGIES FOR PRECISION IN TREATMENT BY EXPERTS
Linear Accelerator
SRS, SBRT, IGRT, VMAT, IMRT, 3D CRT
3.0 Tesla MRI
Air Coil Technology
256-Slice CT
Scan Machine
4D CT Scan
16- Slice System
Cardiac
Interventional Cath Lab
Neuro
Interventional Cath Lab
PET-CT SCAN
राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)
• भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) • उत्तर पश्चिमी रेलवे (NWR) • कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC)
• सभी महत्वपूर्ण टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत • अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों से अनुबंधित
गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, उदयपुर
नेशनल हाईवे-8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास
0294-2500044
www.geetanjalihospital.co.in

RNI No. RAJHIN/2013/50687 POSTAL REGN. RJ/UD/29-114/2025-2027
प्रेषक कार्यालय : मुख्य डाकघर चेतक सर्कल, उदयपुर
प्रकाशन दिनांक : 15.09.2025
प्रेषण दिनांक प्रत्येक माह की 18–22

# विकसित भारत का मार्ग वोकल फॉर लोकल एवं आत्मनिर्भरता से



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति और एकता का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने विधायक जन संवाद केंद्र पर तिरंगा फहराकर अमर शहीदों और राष्ट्रनायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि "वोकल फॉर लोकल" की भावना अपनाकर, स्थानीय उत्पादों और सेवाओं को प्रोत्साहित कर और आत्मनिर्भर भारत अभियान में योगदान देकर ही हम विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कांकरोली बस स्टैंड पर आयोजित ध्वजारोहण और मिठाई वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय और महाराणा प्रताप उद्यान में जिला स्तरीय समारोह में भी उपस्थित होकर राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुलिस बल, एनसीसी कैडेट, स्काउट–गाइड एवं विद्यार्थियों द्वारा आयोजित परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को गर्व और उत्साह से भर दिया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने उत्कृष्ट सेवाएँ देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया और वीर शहीदों की धर्मपत्नी वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि दी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित की और तिरंगे की आन, बान और शान को सदैव ऊँचा रखने का संकल्प दोहराया।

## विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी सड़क दुर्घटना में घायल, स्वास्थ्य में सुधार

राजसमंद। गणपति उत्सव कार्यक्रम में भाग लेकर उदयपुर जा रही भाजपा विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी अम्बेरी के पास सड़क हादसे का शिकार हो गईं। दुर्घटना उस समय हुई जब विपरीत दिशा से आ रही वाहन ने अपनी लेन का पालन नहीं किया और उनके वाहन से टकरा गया। इस टक्कर के कारण विधायक की बाँयी पसलियों में चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में चिंता की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग चिकित्सालय और विधायक के आवास पर पहुँचे। विधायक का उपचार गीतांजलि हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में किया गया। चिकित्सकों ने उन्हें एक माह तक पूर्ण विश्राम करने और शारीरिक सुरक्षा का ध्यान रखने की सलाह दी। इस दौरान मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, कई विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधायक से स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सभी शुभचिंतकों, क्षेत्रवासियों और चिकित्सकों का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोगों की चिंता और सहयोग से उन्हें मानसिक शक्ति मिली और वे शीघ्र स्वस्थ होकर जनकल्याणकारी कार्यों को सक्रिय रूप से जारी रखेंगी।

Facebook kiranmaheshwari.bjp
Instagram kiranmaheshwari.bjp
Twitter kiransnm
DOWNLOAD Kiran Maheshwari APP

प्रबंधकीय कार्यालय
457, अम्बामाता योजना,
उदयपुर - 313004,
मो. 0294- 3551805

प्रधान सम्पादक
डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी
94146 16490

सम्पादक
अनिल चतुर्वेदी
9414164431

सह–सम्पादक
राजेश शर्मा
9414786019

वार्षिक शुल्क – 300/–
आजीवन शुल्क – 2100/–
contact@kiranmaheshwari.com
www.kiranmaheshwari.com

प्रकाशक मुद्रक एवं स्वामी :
स्वत्वाधिकारी किरण माहेश्वरी स्मृति मंच की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी, 457 अम्बामाता योजना, उदयपुर – 313004 से प्रकाशित। न्यूट्रेक ऑफसेट प्रिंटर्स, हिरण मगरी, उदयपुर से मुद्रित। पूर्व स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक : स्वर्गीय श्री जगदीश चंद्र देवपुरा, संपादक अनिल चतुर्वेदी